काली कमली वाला मेरा यार है

काली कमली वाला मेरा यार है,
मेरे मन का मोहन तूं दिलदार है,
तु मेरा यार है, मेरा दिलदार है,

मन मोहन मैं तेरा दीवाना,
गाऊं मैं बस यही तराना,
श्याम सलौने,
श्याम सलोने, तू मेरा रिजवार है,
मेरे मन का मोहन तूं दिलदार है,

तु मेरा मैं तेरा प्यारे,
यह जीवन अब तेरे सहारे,
हाथ तेरे इस जीवन की पतवार है,
मेरे मन का मोहन तु दिलदार है,

पागल प्रीत की एक ही आशा,
दर्दे दिल दर्शन का प्यासा,
तेरे हर वादे पे मुझे ऐतबार है,
मेरे मन का मोहन तु दिलदार है,
t
तुझको अपना मान लिया है,
यह जीवन तेरे नाम किया है,
चित्र विचित्र को बस तुमसे ही प्यार है,
मेरे मन का मोहन तु दिलदार है,

काली कमली वाला मेरा यार है,
मेरे मन का मोहन तु दिलदार है,
तु मेरा यार है, मेरा दिलदार है,

eAstroHelp